भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2052

जिसका उत्तर 22 सितंबर, 2020 को दिया जाना है।

.....

बाढ़ प्रबंधन

2052. श्री संगम लाल गुप्ता:

श्री मनोज तिवारी:

श्री जॉन बर्ला:

क्या **जल शक्ति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान बाढ़ों के प्रभावी प्रबंधन के लिए सरकार द्वारा अभी तक की गई कार्यवाही का ब्यौरा क्या है;

(ख) देश में वर्तमान में बिहार और उत्तर प्रदेश सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कितने बाढ़ आकलन केंद्र स्थापित किए गए हैं; और

(ग) क्या यह तथ्य है कि केंद्रीय जल आयोग का बाढ़ मॉनीटरिंग तथा पूर्वानुमान विभाग स्टीक एवं उपयुक्त पूर्वानुमान लगा रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

जल शक्ति और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री (श्री रतन लाल कटारिया)

(क) बाढ नियंत्रण एवं क्षरणरोधी कार्यों की योजना का निरूपण एवं कार्यान्वयन उसकी प्राथमिकता के आधार पर संबंधित राज्यों द्वारा किया जाता है। केन्द्र सरकार तकनीकी दिशा-निर्देशों को देकर राज्यों के प्रयासों को संपूरित करती है तथा महत्वपूर्ण क्षेत्रों में बाढ प्रबंधन हेतु संवर्धनीय वित्तीय सहायता भी देती है। भारत सरकार ने नदी प्रबंधन, बाढ नियंत्रण, क्षरणरोध, जल निकास विकास, बाढ सुरक्षा कार्यों, क्षतिगस्त बाढ प्रबंधन कार्यों की पुन:स्थापना तथा सागर से क्षरणरोधी कार्यों, जो 12वीं योजना के दौरान जारी रखे गए तथा बाढ प्रबंधन तथा सीमा क्षेत्र कार्यक्रम (एफएमबीएपी) के तहत एक घटक के रूप में आगे मार्च, 2021 तक विस्तारित किए गए, इनको निष्पादित करने हेतु राज्यों सरकारों को वित्तीय सहायता देने हेतु 11वीं योजना के दौरान बाढ ५ धन कार्यक्रम (एफएमपी) की शुरूआत की। विगत तीन वर्षों के दौरान

एफएमबीएपी के अंतर्गत राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को निर्मुक्त राज्यवार केन्द्रीय सहायता **अनुलग्नक-I** पर है।

(ख) केन्द्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) ने पूरे देश में बाढ पूर्वानुमान नेटवर्क की स्थापना की है तथा देश के विभिन्न भागों में 328 स्थानों (नदी तटों पर गांवों/शहरों के लिए 198 लेवल फोरकास्ट तथा बांधों एवं बैराजों हेतु 130 इनफ्लो फोरकास्ट स्टेशनों पर बाढ पूर्वानुमान जारी किए हैं। बिहार में 43 स्थानों, उत्तर प्रदेश में 44 स्थानों के पूर्वानुमान जारी किए गए, ताकि संबंधित राज्य सरकारों द्वारा उचित निवारक उपाय किए जा सकें, राज्यवार विवरण **अनुलग्नक-II** पर हैं।

(ग) बाढ पुर्वानुमानों को निम्नलिखित मानदंडों के आधार पर मूल्यांकित किया जाता है:-

लेवल फोरकास्ट : यदि पूर्वानुमान स्तर पुर्वानुमान के समय प्राप्त वास्तविक स्तर का +/- 0.15 मी. है, तो पूर्वानुमान सही माना जाता है।

इनफ्लो फोरकास्ट : यदि फोरकास्ट किया गया इनफ्लो रिजर्वायर में प्राप्त वास्तविक अंत:प्रवाह का +/- 20% है, तो पूर्वानुमान सही माना जाता है।

विगत 5 वर्षों के दौरान, केंद्रीय जल आयोग द्वारा समग्र सटीक पुर्वानुमान 94% रहा है, जिसके विवरण **अनुलग्नक-III** पर हैं।

******

<u>अनुलग्नक-I</u>

"बाढ प्रबंधन" विषय पर दिनांक 22.09.2020 को लोक सभा में उत्तर दिए जाने वाले अतारांकित प्रश्न संख्या 2052 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

विगत तीन वर्षों के दौरान बाढ प्रबंधन तथा सीमा क्षेत्र कार्यक्रम (एफएमबीएपी) के तहत राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को जारी राज्यवार केन्द्रीय सहायता:

करोड रूपए में

क्र.□□	राज्य	2017-18	2018-19	2019-20	□□ जारी निधियां
1	अरुणाचल प्रदेश	21.18	0	0	21.18
	असम	245.49	142.12	85.03	472.64
2	बिहार	52.57	132.27	65.29	250.13
3	हिमाचल प्रदेश	87.5	162.6	176.41	426.51
4	जम्मू और कश्मीर	119.17	55.0325	97.058	271.2605
5	केरल	19.05	0	0	19.05
6	मिजोरम	0.48	0	0	0.48
7	नगालैंड	0	10.84	0	10.84
8	उत्तर प्रदेश	103.98	87.87	39.15	231
9	उत्तराखंड	0	4.63	35.58	40.21
10	पंजाब	7.4725	0	0	7.4725
11	पश्चिम बंगाल	65.03	89.3	117.12	271.45
	□□	**721.923**	**684.663**	**615.638**	**2022.223**

****

अनुलग्नक- II

‘‘□□□ **प्रबंधन**’’ **विषय पर दिनांक** 22.09.2020 **को लोक सभा में उत्तर दिए जाने वाले अतारांकित प्रश्न संख्या** 2052 □□□□ (□) **के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।**

केन्द्रीय जल आयोग के राज्यवा□□ □□□ □र्वानुमान स्टेश□

क्र.□□	राज्य	□□□ स्टेश□	इनफ्लो स्टेश□	□□ स्टेश□
1	आंध्र प्रदेश	10	10	20
2	अरुणाचल प्रदेश	3	0	3
3	असम	30	0	30
4	बिहार	40	3	43
5	छत्तीसगढ़	1	2	3
6	गुजरात	6	7	13
7	हरियाणा	1	1	2
8	हिमाचल प्रदेश	1	0	1
9	झारखंड	2	15	17
10	कर्नाटक	1	14	15
11	केरल	3	2	5
12	मध्य प्रदेश	2	10	12
13	महाराष्ट्र	8	13	21
14	ओडिशा	12	7	19
15	राजस्थान	3	11	14
16	सिक्किम	3	5	8
17	तमिलनाडु	4	11	15
18	तेलंगाना	5	8	13
19	त्रिपुर	2	0	2
20	उत्तर प्रदेश	39	5	44
21	उत्तराखंड	4	2	6
22	पश्चिम बंगाल	12	4	16
23	जम्मू और कश्मीर	3	0	3
24	एनसीटी दिल्ली	2	0	2
25	दमन और दीव	1	0	1
	□□□	**198**	**130**	**328**

******

अनुलग्नक-III

‘’□□□ प्रबंधन’’ विषय पर दिनांक 22.09.2020 को लोक सभा में उत्तर दिए जाने वाले अतारांकित प्रश्न संख्या 2052 □□□□□ (□) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक□

वर्ष 2015 □□2019 □□ □□□-पूर्वानुमान निष्पादन

वर्ष	जारी □□□ □रकास्ट की संख्या			जारी इनफ्लो फोरकास्ट की संख्या			जारी □□□ फोरकास्ट की संख्या		
	□□□	वास्तविक □□□□□□ +/-15 □□□. □□ विचलन	सटीकता (%)	□□□	वास्तविक □□□□□□ +/-20% क्यूमे□ □□ □□□□ विचलन	सटीकता (%)	□□□	वास्तविक □□□□□□ +/-15 □□□. □□ +/-20% क्यूमे□ □□ विचलन	सटीकता (%)
2015	3500	3429	97.97	572	562	98.25	4072	3991	98.01
2016	4969	4891	98.43	1270	1057	83.23	6239	5948	95.34
2017	5085	4975	97.84	1212	926	76.40	6297	5901	93.71
2018	4969	4871	98.03	1882	1624	86.29	6851	6495	94.80
2019	6004	5773	96.15	3750	2678	71.41	9754	8451	86.64
□□□	**4905**	**4788**	**98**	**1737**	**1369**	**83**	**6643**	**6157**	**94**

*****